ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया,

सत्र

2019–20

Scanned by CamScanner

ऑन लाइन एडमिशन प्रोसेस (OAP)

i राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को सरल, सहज, सुगम व पारदर्शी बनाने की दृष्टि से सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढावा देने के उद्देश्य से समस्त राजकीय महाविद्यालयों के स्नातक भाग प्रथम तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में ऑन लाइन प्रवेश प्रक्रिया लागू है।

ii **स्नातक भाग प्रथम तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध का ऑन लाईन आवेदन फार्म उच्च शिक्षा वेब–पोर्टल (hte.rajasthan.gov.in) के Admission link पर प्रवेश कार्यक्रमानुसार उपलब्ध कराया जायेगा। प्रवेश प्रक्रिया, फार्म भरने के निर्देश तथा तिथियों आदि की जानकारी प्रवेश नीति के अनुसार इस लिंक पर उपलब्ध होगी।**

iii ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के अर्न्तगत समस्त पाठ्यक्रमों की समस्त प्रवेश सूचियों को महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा बेव–पोर्टल पर अपने महाविद्यालय के एडमिशन वेबपृष्ठ पर उपलब्ध करवाया जायेगा।

iv **महाविद्यालयों में कक्षानुसार उपलब्ध सीटों के लिए प्रथम अन्तरिम प्रवेश सूची वरीयता क्रम में जारी की जायेगी । इस सूची के साथ महाविद्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जा सकेगी। इस उपरान्त भी स्थान रिक्त रहने पर महाविद्यालय द्वारा अन्य अन्तरिम प्रतीक्षा सूची निकाली जा सकेगी।**

v प्रत्येक प्रवेश सूची मय प्रतीक्षा सूची जारी होने के पश्चात् समस्त अभ्यर्थियों को मूल अंक तालिकायें, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की जॉच महाविद्यालय में करानी होगी। सत्यापन के बाद ही ई–मित्र काउन्टर पर/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड द्वारा शुल्क जमा कराना होगा ।

vi प्रतीक्षा सूची में स्थान प्राप्त सभी अभ्यर्थियों को भी दस्तावेजों का सत्यापन करवाकर अंतरिम प्रवेश शुल्क ई–मित्र पर निर्धारित तिथि तक जमा करवाना होगा । प्रतीक्षा सूची में से शुल्क जमा करवा चुके ऐसे अभ्यर्थी जिनका प्रवेश नहीं हो पाता है उनके द्वारा जमा करवाया गया शुल्क महाविद्यालय द्वारा पुनः लौटा दिया जायेगा ।

vii **सत्र 2019–20 के लिए विद्यार्थियों के डाटा बेस ऑन लाईन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्नातक पार्ट द्वितीय, स्नातक पार्ट तृतीय व स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के लिए कॉलेज एडमिन में अपग्रेडेशन मॉडयूल महाविद्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। इन कक्षाओं के विद्यार्थियों को भी फीस जमा करवाने के लिए ई–मित्र पर सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी।**

Scanned by CamScanner

शैक्षणिक सत्र सारिणी 2019–20

प्रथम भाग

प्रवेश कार्यक्रम

(अ) स्नातक पार्ट प्रथम

क्र.स.	विवरण	तिथि/अवधि
1	ऑन लाइन आवेदन–पत्र भरना प्रारम्भ होने की तिथि	**शनिवार 01.06.19**
2	आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि, प्रारम्भ होने की तिथि से	15 दिवस
3	समस्त प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि	**बुधवार 31.07.19**
4	प्रथम अन्तरिम प्रवेश सूची व आवश्यकतानुसार प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन। सूची के अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन व शुल्क जमा करवाना। प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन आवश्यकतानुसार द्वितीय अन्तरिम प्रवेश सूची/प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, आगे की प्रक्रियायें।	ऑनलाईन प्रक्रिया की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये आयुक्तालय स्तर पर तिथियाँ जारी की जा सकेगी।
5	संकाय/विषय परिवर्तन की अंतिम तिथि	अंतिम प्रवेश सूची से 15 दिवस में
6	महाविद्यालय में शिक्षण कार्य प्रारम्भ	**सोमवार 01.07.19 या प्रथम प्रवेशित सूची प्रकाशन की तिथि के अगले दिन**

स्थान रिक्त रहने की स्थिति में प्रवेश नीति के बिन्दु 5.9 के अनुसार प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

(ब) स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध)

क्र.स.	विवरण	तिथि/अवधि
1	ऑन लाईन आवेदन पत्र भरना प्रारम्भ होने की तिथि	**बुधवार 26.6.19** अथवा राजस्थान के प्रमुख विश्वविद्यालयों के परीक्षा परीणाम घोषित होने पर आयुक्तालय स्तर पर निर्धारित तिथि से
2	आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि	(अ) **शुक्रवार 05.07.19** तक या (ब) सम्बद्धक विश्वविद्यालय की अर्हकारी (संबंधित संकाय) परीक्षा का परिणाम घोषित होने के 10 दिन बाद तक (जो भी बाद में हो)
3	प्रथम अन्तरिम प्रवेश सूची व आवश्यकतानुसार प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन। सूची के अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन व शुल्क जमा करवाना। प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन आवश्यकतानुसार द्वितीय अन्तरिम प्रवेश सूची/प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, आगे की प्रक्रियायें–	ऑनलाईन प्रक्रिया की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये आयुक्तालय स्तर पर तिथियाँ जारी की जा सकेगी।
4	शिक्षण कार्य प्रारम्भ	प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची के प्रकाशन के अगले दिन से।

(स) एकीकृत प्रवेश प्रक्रिया

क्र.स.	विवरण	वार एवं तिथि
1	स्नातक पार्ट द्वितीय/तृतीय/स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध में शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि	**सोमवार 01.07.19**
2.	स्नातक पार्ट द्वितीय/तृतीय तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध/एक्स स्टूडेन्ट द्वारा शुल्क जमा करवाने की अन्तिम तिथि	**आयुक्तालय द्वारा निर्धारित**

Scanned by CamScanner